परेशानी

# पीएम आवास के इंतजार में शिव शंकर कॉलोनी के रहवासी



## चाबी मिल जाए तो वह भी बारिश में पक्की छत में पहुंच जाए


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


रतलाम. शहर के शिव शंकर कॉलोनी में रहने वाले अधिकांश लोग डोसी गांव स्थित प्रधानमंत्री आवास की मल्टी में पहुंच गए हैं। वर्तमान में यहां पर गिनती के लोग परिवार के साथ निवास कर रहे हैं। पूर्व में यहां रहने वाले लोगों के द्वारा अपने मकान गिराए जाने के बाद अब आसपास के लोग भी अकेले में घबराने लगे हैं। वर्तमान में बारिश होने से ऊपर से पानी रिस कर निचले हिस्से में रहने वाले लोगों के घरों में आ रहा है। यहां रहने वाले लोगों की माने तो उनकी अब तक रजिस्ट्री नहीं हुई है, इस कारण से वह यहां रहने को मजबूर हैं। यदि उन्हें जो नंबर दिए गए हैं, उसकी चाबी मिल जाए तो वह भी बारिश में पक्की छत में पहुंच जाएंगे लेकिन अब तक रजिस्ट्री नहीं होने के कारण उन्हें चाबी नहीं सौंपी जा रही है।

पत्रिका

पत्रिका 9/8/21

# उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण किया

रतलाम ● प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत जिले की उचित मूल्य दुकानों पर राशन वितरण व्यवस्था का निरीक्षण वरिष्ठ आईएएस अनुपम राजन ने किया। इस दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम भी मौजूद थे। श्री राजन रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में बिलपांक, दंतोडिया, प्रीतम नगर, सिमलावदा की उचित मूल्य दुकानों पर पहुंचे। यहां उन्होंने राशन वितरण कार्य का निरीक्षण किया तथा उपस्थित हितग्राहियों को खाद्यान्न के बैग वितरित किए। इस दौरान चर्चा में हितग्राहियों ने बताया कि उचित मूल्य दुकान से राशन व्यवस्थित मिल रहा है। स्वदेश

स्वदेश 9/8/21

पत्रिका हरित अभियान - पत्रिका, मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन और रोटरी क्लब रतलाम सेंट्रल ने हरियाली अमावस्या पर किया पौधों का रोपण

# कोरोना ने सिखाया पेड़ों का महत्व, कितने ही ऑक्सीजन प्लांट लगा लो पेड़ों का मुक







पत्रिका अभियान

हरित प्रदेश

रतलाम. कोरोना काल में आक्सीजन की महत्ता को हर किसी ने जान लिया है। हम चाहे कितने ही आक्सीजन प्लांट लगा लेकिन पेड़ों से जो आक्सीन मिलती है उसका मुकाबला नहीं है। हर व्यक्ति को प्राकृतिक आक्सीजन के लिए पेड़ों को लगाना ही चाहिए। ये जीवनदायी होते हैं।

यह बात मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (एमटीए) और पत्रिका की तरफ से मेडिकल कॉलेज परिसर में संयुक्त रूप से आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में कही। पौधारोपण में मुख्य अतिथि के रूप में मेडिकल कॉलेज अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रदीप मिश्रा थे। एमटीए ने मेडिकल कॉलेज की ग्रामीण डिस्पेंसरी सरवन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भी पौधारोपण किया। डॉ. बघेल और डॉ. मिश्रा के अलावा एमटीए सचिव डॉ. आशीष दामा, डॉ. जगदीशचंद्र हुंडेकरी, डॉ नीलम आर चार्ल्स, डॉ. केएस लिखार, डॉ. अनिल मीणा, डॉ. रितेश गुर्जर, डॉ. शैलेंद्र डावर, डॉ. नितिन किराड़िया, डॉ. प्रफुल्ल सोनगरा, डॉ. देवेंद्र नायक, डॉ. अतुल कुमार, डॉ. आनंद शुक्ला, डॉ. देवेंद्र चौहान, डॉ. देवेंद्र नरगावे, डॉ. दर्शना जैन, डॉ. पारुल त्रिचल, डॉ. आनंद पाटीदार, डॉ. अनिल पटेल, डॉ ध्रुवेंद्र पांडे, डॉ विकास शर्मा, डॉ राजेन्द्र सिंगरोले आदि मौजूद रहे।

पत्रिका

## रोटरी क्लब रतलाम सेंट्रल ने भी किया पौधरोपण

रोटरी क्लब रतलाम सेंट्रल ने पत्रिका के आह्वान पर संयुक्त रूप से पौधारोपण किया। सुयोग परिसर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 11 पौधे लगाकर सुरक्षा का संकल्प लिया। अध्यक्ष सुनील लुनिया, सचिव कमलेश जैन, समिति प्रमुख अश्विनी शर्मा, विजय मूणत, वीरेंद्र सकलेचा, संदीप पीपाड़ा, अशोक पीपाड़ा, बीएल मेहता, मनीष चौरड़िया, अशोक डांगी, यशवंत पावेचा, पीयूष

पत्रिका 9/8/21



# प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत निः शुल्क राशन वितरण कार्यक्रम

**स्वतंत्र एलान संवाददाता**

रतलाम। आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी व मध्यप्रदेश के ऊर्जावान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना शुभारम्भ किया गया जिसके अंतर्गत मध्यप्रदेश के 5 करोड़ 44 लाख गरीब हितग्राहियों को निः शुल्क राशन वितरण किया जाएगा। इस योजना अंतर्गत आज कुशाभाऊ ठाकरे मंडल में शहर विधायक चैतन्य काश्यपजी , अध्यक्ष आदित्य डागा के नेतृत्व में राशन दुकानों का शुभारंभ किया गया जिसने दो बती मार्केट राशन की दुकान का शुभारंभ पूर्व महापौर श्री शैलेन्द्र जी डागा,नितिन लोढ़ा द्वारा किया गया व आनद कॉलोनी स्थित राशन की दुकान का श्री मनोहर जी पोरवाल,इब्राहीम शेरानी द्वारा शुभारंभ किया गया वही जावरा रोड स्थित राशन की दुकान का श्री बलवंत जी भाटी, दिनेश जी पटेल ने शुभारंभ किया। कॉलेज रोड स्थित राशन की दुकान का निमिष जी व्यास, देवेंद्र जी वाधवा ने अन्न योजना अंतर्गत शुभारंभ किया। शहर सराय में तीन राशन की दुकानों का शुभारंभ प्रथम दिनेश शर्मा द्वितीय सोनू यादव व तृतीय आदित्य डागा व श्रीमती अनिता कटारिया द्वारा किया गया। रतलाम (म.प्र) पर अन्न उत्सव बनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि गण उपस्थित थे.अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी का वाचन पढ़कर सुनाया गया। उद्बोधन के पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राहियों का स्वागत कर अनाज वितरण किया गया। भाजपा के अविनाश राव ,योगेश कैथवास, रवि जौहरी, ,सलीम भाई , भूपेंद्र कावड़िया, विपिन पोरवाल, स्नेहलता धाकड़, संजय जैन,यशपाल, पूर्व पार्षद सलीम मेव ,मुबारिक शेरानी, मंसूर जमादार,प्रभु राठौड़,अश्विन जायसवाल,मीरा परमार, कन्हैया मालवीय,शाहिद कुरैशी, ओमप्रकाश बोरीवाल,हार्दिक मेहता,अभय लोढ़ा,दिनेश गुर्जर आदि अपने अपने क्षेत्र में दुकान संचालक के साथ शासन ,नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवम योजना के हितग्राही जिनको लाभ मिला के साथ कार्यक्रम संपन्न किया गया । अंत में आभार कुशाभाऊ ठाकरे,मंडल महामंत्री राकेश परमार ने माना। स्वतंत्र

स्वतंत्रएलान 7/8/21

## कोरोना से आपदा की विभिषिका के समय सरकार बनीं सहारा

रतलाम। रतलाम शहर के वार्ड नंबर 8 निवासी रामकुंवरबाई का कहना है कि कोरोना संक्रमण के दौरान जब लाक डाउन अचानक लग गया तो परिवार संचालन की सामग्री का भण्डारण घर मे नही होनें से परिवार के समक्ष रोजी रोटी की समस्यां खड़ी हो गई थी। व्यवसाय भी पूरी तरह बंद हो गया था। पूरा परिवार आपदा की विभिषिका के सामनें घुटना टेक चुका था। संबंधी जन भी सहयोग के लिए आगें नही आ रहें थे। ऐसी परिस्थितियों में भोजन से लेकर परिवार की समस्त आवश्यकताओ की पूर्ति संभव नही हो पा रही थी। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने हम गरीबो के बारे में सोचा तथा नित नई योजनाएं प्रारंभ कर संबल प्रदान किया। प्रधानमंत्रीजी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना प्रारंभ की। पीएम स्वनिधि योजना से गरीबों को ब्याज मुक्त ऋण पुनः व्यवसाय करनें हेतु दिलाया गया। जन धन खाते मे राशि का प्रेषण, पीएम किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से 10 हजार रूपये किसानों के खातों में भेजनें का कार्य, महिलाओं के लिए उज्जवला गैस, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान योजना आदि को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित कराया। उन्होनें कहा कि इतना ही नही लाक डाउन के दौरान उज्जवला योजना के तहत निःशुल्क गैस सिलेण्डर, जन धन खाते में एक हजार रूपये की राशि भी प्रधानमंत्रीजी ने डलवाई। गरीबों के प्रति उनकी चिंता तथा मुख्यमंत्री जी के सतत प्रयास से आपदा की स्थिति से परिवार को निकालनें में सफल हुए।

स्वदेश ज्योति 9/8/21



## अक्टूबर तक शुरू होगा मेडीकल कॉलेज में 750 बिस्तरों का अस्पताल

रतलाम । शासकीय मेडीकल कॉलेज में 750 बिस्तरों वाला अस्पताल अक्टूबर तक शुरू होगा। इसकी तैयारियां लगातार जारी है। विधायक चेतन्य काश्यप ने कॉलेज के डीन डॉण् जितेन्द्र गुप्ता के साथ अस्पताल के लिए पूर्ण किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन को आश्वस्त किया कि वे विधानसभा के आगामी मानसून सत्र में मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग से चर्चा कर शासन स्तर पर लंबित शेष कार्यों को जल्द पूर्ण कराएंगे। समीक्षा के दौरान विधायक श्री काश्यप ने अस्पताल शुरू करने के लिए पूर्ण हो चुके कार्यों और शेष रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। प्रबंधन ने उन्हें बताया कि अस्पताल के लिए आवश्यक नर्सिंग एवं अन्य स्टाफ की भर्ती हो चुकी है। कई आवश्यक उपकरण भी आ चुके हैं जिनकी स्थापना का कार्य चल रहा है। अस्पताल के लिए फर्नीचर व बेड आदि भी आ चुके हैं। कुछ उपकरण आना शेष है। कई उपकरणों व विद्युत फीटिंग का कार्य भी हो चुका है। तकनीकी रूप से कुछ उपकरणों की फीटिंग के लिए विशेषज्ञ दल आना शेष है।

# छह लाख 90 हजार को लगे टीके, आज 52 स्थानों पर वैक्सीनेशन

रतलाम। जिले में कोविड वैक्सीनेशन लगातार किया जा रहा है। अब तक 690852 कोविड के टीके लगाए जा चुके हैं। जिले में 1 लाख 13 हजार 653 लोग कोविड का दूसरा टीका लगवा चुके हैं।

सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे ने सभी लोगों को कोविड का दूसरा टीका



अनिवार्य रूप से लगवाने की अपील की है। सोमवार को रतलाम शहर के न्यू कलेक्टोरेट केंद्र पर विदेश यात्रा करने वाले एवं शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को कोविशील्ड का वैक्सीनेशन किया जाएगा। आइएमए हाल राजेंद्र नगर पर केवल कोवैक्सीन व कम्युनिटी हाल अलकापुरी केंद्र पर कोविशील्ड का दूसरा डोज लगाया जाएगा।

## शहर व जिले में इन स्थानों पर टीकाकरण

**रतलाम शहर**– रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, महर्षि दयानंद स्कूल इंदिरा नगर, मांगलिक भवन सुभाष नगर, जमातखाना शेरानीपुरा, कम्युनिटी हाल ऊकाला रोड, न्यू लाइफ स्कूल रहमत नगर, आनर्स अकादमी दिलीप नगर, मदर चिला मस्जिद हाल पर निर्वाचन बूथ के आधार पर कोविशील्ड का पहला टीका लगाया जाएगा।

**रतलाम ग्रामीण**– ग्राम उमरथाना, इसरथूनी, भाटी बड़ोदिया, ईटावा माताजी, बिरमावल, भैंसाडाबर, बंबोरी, संदला, बंजली, रत्तागढ़खेड़ा, पीपलखूंटा। पिपलौदा क्षेत्र– डाइट कालेज पिपलौदा, नवेली, जड़वासा, हसनपालिया, रियावन, माउखेड़ी, मामटखेड़ा, कंचनखेड़ी, उपरवाड़ा, बरखेड़ी के केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा।

**जावरा**– कोर्ट परिसर जावरा, प्राथमिक विद्यालय उंटखाना, ग्राम पंचायत माता मेल्की (कलालिया), ग्राम पंचायत मांडवी, उखेडिया, बडवा, राजाखेड़ी, खोजनखेड़ा, नंदावता, मोर्या।

**आलोट**–अंबेडकर कम्युनिटी हाल आलोट, नारायणी स्कूल आलोट, आलग्रेट पब्लिक स्कूल ताल, शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय पुलिस थाने के पास ताल, ग्राम पंचायत भूतिया, सेमलिया, निपानियालीला, रिछा, गुलबालोद, पुलिस थाना बरखेड़ाकलां।

## 550 लोगों का टीकाकरण

सेमलिया। टीकाकरण को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह रहा। बारिश के चलते भी महिला व पुरुष छाता लेकर सुबह से लाइन में लगकर टीका लगवाने के लिए खड़े रहे। 550 लोगों का टीकाकरण किया गया। एएनएम चंदा मुनिया, सुनीता यादव, सीएचओ गुंजन सैनी, शीतल डाबी, आशा कार्यकर्ता चंद्रकला सनोटिया, बगदी सोलंकी, शोभा शोनार्थी, मंजूलता चौहान, राधा मोगिया, गुड्डी परमार, सरपंच प्रतिनिधि करणसिंह मौर्य, उपसरपंच विजय बहादुर सिंह राठौर, पंचायत समन्वय अधिकारी बाबूसिंह सिसौदिया, सचिव दीपक राठौड़ आदि उपस्थित थे।

## नियमों का पालन नहीं

कमेड़। समीपस्थ ग्राम लुनेरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में ग्रामवासी कोविडशील्ड वैक्सीन का टीका लगवाने के लिए सुबह छह बजे से ही लाइन में टोकन लेने के लिए खड़े हुए। 200 लोगों को टोकन वितरित किए गए। शाम पांच बजे तक 218 लोगों को टीके लगाए गए। अधिकांश लोगों ने मास्क नहीं लगा रखे थे, वहीं सामाजिक दूरी का पालन नहीं किया गया।

लुनेरा की आबादी करीब तीन हजार पांच सौ है और केवल वैक्सीन 200 ही भेजी गई। ग्रामवासियों का कहना है कि वैक्सीन की संख्या बढ़ाई जाए। सीएचओ जितेंद्र गंधर्व, एएनएम सुमन शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कृष्णा भाटी राधा भाटी, आशा कार्यकर्ता शिवकन्या सेन, अजब कुंवर, सहायिका अयोध्या सेन, शारदाबाई पोरवाल, सरपंच प्रतिनिधि मानवेंद्रसिंह जोधा व सचिव अर्जुन बोड़ाना उपस्थित थे। इसी प्रकार ग्राम बम्बोरी में 200 लोगों को टीके लगाए गए।

नईदुनिया 9/8/21

# लोकेंद्र भवन के सामने बनेगा भव्य फूड पार्क



लोकेंद्र भवन के सामने निरीक्षण करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। ● नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। लोकेंद्र भवन मार्ग को फोरलेन किए जाने के साथ ही लोकेंद्र भवन के सामने स्थित पुरानी सब्जी मंडी की जगह अब भव्य फूड पार्क बनाए जाने की तैयारी है। इंदौर की 56 दुकान की तर्ज पर यह पार्क बनेगा। शहर विधायक चेतन्य काश्यप के निर्देश पर रविवार को कलेक्टर एवं प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व नगर निगम के इंजीनियरों के साथ पुरानी सब्जी मंडी का निरीक्षण किया।

इस दौरान सब्जी मंडी में अवैध कब्जेधारी, मूर्तिकार जिन्होंने अनधिकृत कब्जा किया हुआ है उन्हें हटाने व फूड पार्क निर्माण के लिए कंसल्टेंट नियुक्त कर ड्राइंग व डिजाइन तैयार करवाने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

**सात दिन में दो बत्ती चौराहे पर फोरलेन का काम पूरा करें :** दो बत्ती चौराहे से महाराजा सज्जनसिंह प्रतिमा, लोकेंद्र भवन से एसबीआइ तिराहे तक फोरलेन निर्माण में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि दो बत्ती चौराहे पर फ्रीगंज सड़क का पुरा ट्रैफिक बंद कर जलाराम स्वीट्स से बनती आ रही सड़क का निर्माण कार्य डीआरएम आफिस तक सात दिन में पूरा किया जाए। इसके बाद दो बत्ती से डाट की पुल तक टू-लेन सड़क निर्माण शुरू करें। निर्माण के दौरान आमजन को परेशानी नहीं होना चाहिए। लोकेंद्र भवन मार्ग पर पोल व ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग बिजली कंपनी व नगर निगम के अधिकारियों द्वारा तय प्रक्रिया में किया जाए।

**पोलोग्राउंड की बाउंड्रीवाल भी बनेगी :** कलेक्टर ने पोलोग्राउंड में पैवेलियन का काम रुका होने को लेकर निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को एक माह में सभी काम पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पोलोग्राउंड की बाउंड्रीवाल निर्माण की जानकारी भी कलेक्टर ने ली। कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल द्वारा बताया गया कि टेंडर जारी कर दिए गए हैं। बाल चिकित्सालय में नगर निगम द्वारा कराए जा रहे रिनोवेशन कार्य को 14 अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए। निरीक्षण के दौरान एमपीइबी के डीई विनय प्रताप सिंह, सहायक यंत्री श्याम सोनी आदि मौजूद थे।

नईदुनिया 9/8/21

**चिंता** • कलेक्टर बोले - लापरवाही ना करें, तीसरी लहर से बचाव का टीका ही सबसे बड़ा हथियार, आज 11,250 लोगों को लगेगी वैक्सीन

# तीसरी लहर की आशंका फिर भी दूसरे टीके से कर रहे परहेज

भास्कर संवाददाता | रतलाम

### हमारे जिले में 52 प्रतिशत को लग गया पहला डोज, दूसरा सिर्फ 19 प्रतिशत ने लगवाया, शहर की तुलना में सबसे बुरे हाल ग्रामीण क्षेत्रों का

जिले में तीसरी लहर की आशंका लगातार बनी हुई है। इसे लेकर प्रशासन ने अलग-अलग तौर पर तैयारियां भी शुरू कर दी है। इधर, बड़े स्तर पर वैक्सीनेशन हो चुका है, जो राहत की बात है। हालांकि चिंता यह है कि दूसरे टीके की तारीख निकलने के बाद भी कई लोग वैक्सीन लगवाने नहीं आ रहे हैं। जबकि कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन के दोनों डोज लगना जरूरी है। इधर दूसरे डोज को ज्यादा महत्व दिया जा रहा है।

जिले में अब तक 5,77,176 लोग वैक्सीन लगवा चुके हैं जो कुल आबादी का 52 प्रतिशत है। हालांकि इन लोगों को अभी पहला डोज ही लगा है। जबकि दूसरा डोज लगवाने में लोग पीछे हैं। अब तक 1,13,676 लोग ही दूसरा डोज लगवाने के लिए केंद्रों तक पहुंचे हैं। जो पहले डोज के मुकाबले 19 प्रतिशत ही हैं। इधर, 18 से 44 साल के युवाओं में सिर्फ 5.02 प्रतिशत लोगों ने ही वैक्सीन का दूसरा डोज लगाया है।

#### रतलाम शहर में 85 प्रतिशत टीकाकरण हुआ

इधर जिले में सबसे अच्छी स्थिति में रतलाम शहर है। यहां 18 से 44 साल के लोगों का अब तक 85 प्रतिशत वैक्सीनेशन हो चुका है। इनमें से सिर्फ 13 प्रतिशत ही दूसरा डोज लगवाने के लिए पहुंचे हैं। ग्रामीण अंचल में दूसरा डोज लगवाने वालों की संख्या 1 प्रतिशत तक भी नहीं आई है। 45 से ज्यादा उम्र के 82 प्रतिशत को वैक्सीन लगी है, इनमें से 65 प्रतिशत ने ही दूसरा टीका लगवाया है।

***लापरवाही ना करें*** ▶ *कोविशील्ड का दूसरा टीका 84 दिन बाद तो वहीं को-वैक्सीन का दूसरा डोज 28 दिन बाद लगाया जा रहा है। इसे जरूर लगवाएं। यदि आपको दोनों डोज लग गए हैं तो आप सुरक्षित है। गंभीर स्थिति नहीं बनेगी।*

**कुमार पुरुषोत्तम,** कलेक्टर, रतलाम

#### आज जिले के 52 केंद्रों पर लगेगी वैक्सीन

**रतलाम शहर :** रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, महर्षि दयानंद स्कूल इंदिरा नगर, मांगलिक भवन सुभाष नगर, जमातखाना शेरानीपुरा, कम्युनिटी हॉल उकाला रोड, न्यू लाइफ स्कूल रहमत नगर, ऑनर्स अकादमी दिलीप नगर, मदार चिला मसजिद हॉल पर निर्वाचन बूथ के आधार पर कोविशील्ड का पहला टीका लगाया जाएगा। न्यू कलेक्टोरेट केंद्र पर विदेश यात्रा करने वाले व शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों को कोविशील्ड का वैक्सीनेशन किया जाएगा। आईएमए हॉल में कोवैक्सीन का दूसरा डोज लगेगा। कम्युनिटी हॉल अलकापुरी केंद्र में केवल कोविशील्ड का दूसरा डोज लगेगा

**ग्रामीण :** ग्राम उमरथाना, इसरथूनी, भाटीबडोदिया, इटावामाताजी, बिरमावल, भैंसाडावर, बम्बोरी, संदला, बंजली, रत्तागढ़खेड़ा, पीपलखूंटा में कोविशील्ड।

**पिपलौदा :** डाइट कॉलेज पिपलौदा, नवेली, जड़वासा, हसनपालिया, रियावन, माउखेडी, मामटखेड़ा, कंचनखेडी, उपरवाडा, बरखेड़ी।

**जावरा :** कोर्ट परिसर जावरा, प्राथमिक विद्यालय ऊंटखाना, ग्राम पंचायत मातामेल्की (कलालिया), ग्राम पंचायत मांडवी, ग्राम पंचायत उखेड़िया, ग्राम पंचायत बंडवा, ग्राम पंचायत राजाखेड़ी, ग्राम पंचायत खोजनखेड़ा, ग्राम पंचायत नंदावता, ग्राम पंचायत मोर्या।

**आलोट :** आंबेडकर कम्युनिटी हॉल, नारायणी स्कूल, आलग्रेट पब्लिक स्कूल ताल, शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय, ग्राम पंचायत भूतिया, ग्राम पंचायत सेमलिया, ग्राम पंचायत निपानियालीला, ग्राम पंचायत रिछा, ग्राम पंचायत गुलबालोद, पुलिस थाना बरखेड़ाकला।

दै. भास्कर 9/8/21

**कर्मचारियों पर आरोप: फरियादी को ना देते हुए किसी अन्य को चोरी छिपे बेज दी गई गुमटी**

# नगर निगम में चल रहा गुमटी घोटाला, चोरी छिपे बेच रहे...

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क



नगर निगम में अतिक्रमण में जब्त की हुई हुई घुमटी फरियादी को ना देते हुए किसी अन्य को चोरी छुपे बेज दी गई। जिसके बाद फरियादी द्वारा इसकी शिकायत आयुक्त को की गई। जिसके बाद निगम के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा बेची हुई घुमटी वापस पांजरा पोल स्थित निगम परिसर में बुला ली गई। अब निगम कर्मी पल्ला झाड़ते हुए गलती से घूमटी बेचना बता रहे हैं।

## 5 हजार में गुमटी निगम कर्मचारियों से खरीदी थी

वही गुमटी खरीदने वाले का कहना है कि मैंने 5 हजार देकर यह गुमटी निगम कर्मचारियों से खरीदी थी मुझे नहीं मालूम यह घुमटी किसकी थी। मुझे तो निगम कर्मचारी ने बेचने को बोला था इसलिए रुपये देकर खरीदी। अब निगम कर्मचारी वापस ले गए। वही शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि निगम के कर्मचारी पवन सोलंकी द्वारा मुझसे 5 हजार का जुर्माना भरकर घुमटी देने की बात कही गई थी, लेकिन मेरी यहां घुमती किसी अन्य को बेच दी। अब वह नए नए बहाने बनाकर मुझे डरा रहे है। इस मामले में अब निगम के जिम्मेदार अधिकारी लीपा पोती कर रहे है और बेतुका जवाब देकर पल्ला झाड़ रहे है। राजस्व अधिकारी कपूर का कहना है कि हमारे पास आवेदन आया था इसलिए हमने घुमटी दे दी। अगर वह घुमटी उसकी नहीं है तो हम वापस ले आएंगे। इससे यह साबित होता है कि निगमकर्मी इस तरह ना जाने कितना जब्त किया हुआ सामना लालच में आकर अन्य को बेच देते होंगे। २(५)

राज एक्सप्रेस 9/8/21

# अक्टूबर तक शुरू होगा मेडिकल कॉलेज में 750 बिस्तरों वाला अस्पताल - काश्यप

स्वदेश

रतलाम ● शासकीय मेडिकल कॉलेज में 750 बिस्तरों वाला अस्पताल अक्टूबर तक शुरू होगा। इसकी तैयारियां लगातार जारी हैं। विधायक चेतन्य काश्यप ने कॉलेज के डीन डॉ. जितेन्द्र गुप्ता के साथ अस्पताल के लिए पूर्ण किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन को आश्वस्त किया कि वे विधानसभा के आगामी मानसून सत्र में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग से चर्चा कर शासन स्तर पर लंबित शेष कार्यों को जल्द पूर्ण कराएंगे। विधायक श्री काश्यप ने सभी शेष कार्य अक्टूबर तक पूर्ण करने एवं अस्पताल के लिए ब्लड बैंक एवं अन्य सुविधाओं के लिए लायसेंस आदि की प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए।

स्वदेश 9/8/21

# डेंगू मामलों को देख मेडिकल कॉलेज में उपचार शुरू करें

रतलाम. डेंगू तथा वायरल बुखार के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। शहर की बदहाल सडको की दयनीय स्थिति को बारिश ने और बदहाल बना दिया है। इनके जानलेवा गड्ढों मे पानी भर जाने से मच्छर पनप रहे है। शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है, नाले व नालियां गंदगी से भरे है, जिनसे बिमारियां फैल रही है। इसे लेकर पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक चौटाला, पूर्व निगम अध्यक्ष दिनेश पोरवाल ने निगम प्रशासक व कलेक्टर को जनहित में सुझाव देकर कहा कि शहर व जिले मे डेंगू व वायरल बुखार के मरीजों की तेजी से बढ़ रही संख्या को देखते हुए मेडिकल कॉलेज में उपचार व्यवस्था की जाए जिससे कि मरीजों की निःशुल्क जांच और बेहतर उपचार हो सके।

पत्रिका 9/8/21

# आवारा मवेशी तथा कचरे के ढेर पाए जाने पर दरोगा तथा झोन प्रभारियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी -निगमायुक्त

स्वदेश

रतलाम ● जिस वार्ड में आवारा मवेशी तथा कचरे के ढेर पाए जाएंगे उस वार्ड के दरोगा का वेतन काटा जाएगा, साथ ही जिस वार्ड में दुकान के सामने कचरा मिलेगा उस वार्ड के दरोगा झोन प्रभारी के साथ पूरी स्पाट फाइन टीम का वेतन काटा जाएगा। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि आज शनिवार को भी 9.30 से 11.30 के बीच निरीक्षण के दौरान अनेक दुकानों के सामने ग्राहकों के द्वारा फैंके गए डिस्पोजल कप बिखरे पाए गए। नाइट स्वीपिंग कहीं नहीं मिली, स्पाट फाइन टीम भी कहीं फाइन करते नहीं मिली। इसे देखते हुए यदि निरीक्षण में यह लापरवाही मिली तो झोन प्रभारी दरोगा स्पाट फाइन टीम को सेवा से हटाने की कार्रवाई की जाएगी। श्री झारिया ने यह भी कहा कि जिन दुकानों के सामने कचरा फेंका जाता है, चाहे ग्राहक या दुकानदार फेंके उनको सूचित किया जाए, अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई कर दुकानें सील की जाएंगी। यह प्रक्रिया प्रतिदिन अपनाई जाएगी।

स्वदेश 9/8/21

## स्वास्थ्य अधिकारी, जोन प्रभारी व दरोगा का वेतन काटा

नईदुनिया

रतलाम। सज्जन मिल रोड श्रीराम मंदिर के सामने निरीक्षण के दौरान डिवाइडर पर चार मवेशी बैठे पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, ज़ोन प्रभारी विनय चौहान व संबंधित क्षेत्र के वार्ड दरोगा का एक दिवस का वेतन काटा गया। मवेशी पकड़ने के लिए नियुक्त गैंग के कर्मचारी चरणसिंह-भारतसिंह, कैलाश-नंदलाल, हीरालाल-गबरू, मेहफुज-काले खां, पूनमचंद-रतन, कमलेश-त्रिलोकचंद, राधेश्याम-भंवर, रामू-राजू व संजय-सत्यनारायण का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का सूचना पत्र जारी किया गया।

नईदुनिया 9/8/21

## डिवाइडर पर बैठे मवेशी : वेतन काटने के निर्देश

भास्कर

रतलाम | सैलाना रोड पर राम मंदिर के सामने डिवाइडर पर चार मवेशी बैठे दिखाई देने पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने तीन कर्मचारियों पर एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की है। इनमें स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी विनय चौहान, और वार्ड दरोगा शामिल है। वहीं मवेशी पकड़ने वाली गैंग के कर्मचारी चरण सिंह, कैलाश नंदलाल, हीरालाल गबरू, मेहफूज कालेखां, पुनचंद रतन, कमलेश त्रिलोकचंद, राधेश्याम भवंर, रामू और संज सत्यनारायण का भी एक दिन का वेतन काटने के साथ बर्खास्त करने का नोटिस जारी किया है।

दै. भास्कर 9/8/21

## गंदगी फैलाने वाले 5 व्यक्तियों पर जुर्माना

भास्कर

रतलाम | खुले में कचरा डालकर गंदगी फैलाने वाले पांच व्यक्तियों पर रविवार को जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई दो बत्ती और पॉवर हाउस रोड पर हुई। जोन प्रभारी पर्वत हाड़े ने श्रीराम पान भंडार, घमंडी लस्सी, राजेश राठौर, देवनारायण दूध भंडार पर 1000 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया। इसके अलावा सोनू भाई पावर हाउस रोड पर 500 रुपए का स्पॉट फाइन वसूला।

दै. भास्कर 9/8/21

## गांधी नगर पानी की टंकी की सफाई शुरू

रतलाम | नगर निगम ने गांधी नगर स्थित 3 लाख गैलन क्षमता वाली पानी की टंकी की सफाई शुक्रवार से शुरू करवा दी। हितेश पेमाल ने बताया एक दर्जन कर्मचारियों ने पहले दिन बड़ी मात्रा में टंकी के तले में जमी मिट्टी निकाली गई। इसके बाद हाइड्रोजन पराक्साइड से बैक्टीरिया को खत्म किया। पूर्व पार्षद भावना पेमाल लंबे समय से सफाई की मांग कर रही थी। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दो माह पहले निरीक्षण कर सफाई के निर्देश दिए थे।

भास्कर

दै. भास्कर 9/8/21

## पांच लोगों से जुर्माना वसूला

रतलाम। शहर के दो बत्ती व पावर हाउस रोड क्षेत्र में गंदगी करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जोन प्रभारी पर्वत हाड़े द्वारा श्रीराम पान भंडार, घमंडी लस्सी, राजेश राठौर, देवनारायण दूध भंडार से 1000-1000 व सोनू भाई पावर हाउस रोड से 500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। नईदुनिया

नईदुनिया 9/8/21

# वार्ड नंबर 9 में समस्याओं का अंबार, नगर निगम ध्यान दे

**स्वतंत्र एलान संवाददाता**

रतलाम । वार्ड 9 रतलाम का सबसे बड़ा वार्ड है पर रखरखाव के नाम पर प्रशासन के द्वारा यहां कोई ध्यान देने वाला नहीं है । 80 फिट रोड पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है जहां पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं यहां पर कई नर्सिंग होम तथा मैरिज गार्डन है तथा यहां से करीब 10 कालोनियों के रहवासी प्रतिदिन निकलते रहते हैं । इस रोड से प्रसिद्ध हनुमान मन्दिर तथा तालाब स्थित है। इसी 80 फिट रोड पर आवारा शिकारी कुत्तों का अंबार लगा हुआ है लगभग 100 कुत्ते घूमते रहते हैं जो कि चिड़िया ,गिलहरी व छोटे-छोटे गाय के बछड़े पर हमला कर देते हैं जिससे घूमने वाले लोगों व बच्चों को भी जान का खतरा बना रहता है । हनुमान ताल पर जाने वाले श्रद्धालु तथा घूमने वाले लोगों का तांता लगा रहता है उन्हीं के सामने यहाँ अवैध मछली पकड़ी जा रही है किसी भी दिन यहाँ बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इससे पहले भी मैंने करीब 2 महीने पहले कॉलोनी की समस्याओं से नगर निगम आयुक्त महोदय को अवगत कराया था । कुछ कार्य उन्होंने किये है कुछ बाकी है । क्षेत्रवासी जनहित में आयुक्त महोदय नगर पालिक निगम से आग्रह करते है कि वे क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के प्रति ध्यान दे तथा जल्दी ही नागरिकों की समस्याओं से निजात दिलाएं । जैसे शुभम परिसर की सीवरेज लाइन को मुख्य लाइन से जोडना, त्रिमूर्ति नगर में नाली का पानी सड़क पर बहता रहता है, सुदामा नगर बड़बड़ नाके पर पानी का भराव रहता है यह कुछ मुख्य समस्याएं हैं। साथ ही अगर आयुक्त महोदय एक बार कालोनियों का भ्रमण करें तो आपको समस्याओं का अंबार नजर आएगा हर गली हर कॉलोनी में है । निगमआयुक्त से मांग की है कि वे इन सभी समस्याओं को अपने संज्ञान में लें तथा उचित समाधान करें । उक्त मांग समाजसेवी कुसुम चाहर सहित वार्ड नंबर 9 के रहवासियों ने की है ।

स्वतंत्र एलान 8/8/21

# भारत में लग सकेगी मिक्स वैक्सीन

**मिक्स वैक्सीन के स्टडी में दिखे अच्छे नतीजे**

नई दिल्ली, (एजेंसी)। कोरोना के विरुद्ध जंग में भारत को एक और सफलता मिलती दिख रही है। दरअसल, कोवैक्सीन और कोविशील्ड टीकों की मिश्रित खुराकों पर अध्ययन के परिणाम सुकून देने वाले हैं।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद यानी आईसीएमआर ने कहा है कि कोवैक्सीन और कोविशील्ड की मिक्सिंग और मैचिंग स्टडी में बेहतर परिणाम देखने को मिले हैं। अध्ययन में इन दोनों वैक्सीन के मिलाने से यह न केवल वायरस के विरुद्ध सुरक्षित पाया गया, बल्कि इससे बेहतर इम्युनोजेनेसिटी भी प्राप्त हुई। माना जा रहा है कि यदि शोध की फाइनल रिपोर्ट में नतीजे बेहतर मिलते हैं और केंद्र यदि कोवैक्सीन और कोविशील्ड मिश्रित खुराकों को मंजूरी देती है तो कोरोना के विरुद्ध टीकाकरण अभियान में इसका सकारात्मक प्रभाव दिखेगा।

## भारत में 39,070 नए मामले 491 मरीजों की मौत

भारत में कोरोना सक्रमण के 39,070 नए मामले सामने आने से संक्रमण के मामले बढ़कर 3,19,34,455 हुए जबकि 491 और लोगों के जान गंवाने से मृतक संख्या 4,27,862 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या कम होकर 4,06,822 हुई, जो संक्रमण के कुल मामलों का 1.27 प्रतिशत है।

राज एक्सप्रेस 9/8/21

### तेजी से बढ़ रहा प्रकोप

# डेंगू व वायरल मरीज बढ़े, मेडिकल कॉलेज में जल्द शुरू हो इलाज

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम शहर में डेंगू तथा वायरल बुखार के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। शहर में चारों ओर इनके मरीजों की संख्या तेज रफ्तार से बढ़ रही है। कई मोहल्लों, गलियों और पिछड़ी बस्तियों में बड़ी संख्या में आमजन इन बीमारियों से पीड़ित है। कोरोना की दूसरी लहर से राहत मिलने से पहले शहर वायरल व डेंगू जैसी घातक बीमारियों की चपेट में आ गया है। जबकि कोरोना की तीसरी लहर की सुगबुगाहट हो रही है। शहर की जनता को वर्षों से राहत के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही मिल रहे हैं। सड़कों पर गड्ढों में पानी भर जाने से मच्छरों की शहर में बाढ़ आ गई है।

**डेंगू की जांच 1500 रुपए में हो रही है-** प्रदेश के पूर्व मंत्री, भाजपा के वरिष्ठ नेता हिम्मत कोठारी, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक चोटाला, पूर्व निगम अध्यक्ष दिनेश पोरवाल ने प्रेस बयान में निगम प्रशासक व कलेक्टर को जनहित में सुझाव देकर कहा कि बढ़ते मरीज देखकर मेडिकल कॉलेज में उपचार व्यवस्था की जाए। डेंगू, वायरल की निशुल्क जांच की व्यवस्था मेडिकल कालेज में कोरोना की तर्ज पर स्पेशल वार्ड बना कर उपचार शुरू किया जाए। वहीं जिला अस्पताल में उपचार जांच एवं दवाइयों की उपयुक्त व्यवस्था की जाए। भास्कर

दै. भास्कर 9/8/21

## मेडिकल कालेज में हो मरीजों का उपचार

शहर में डेंगू तथा वायरल बुखार के मामले बढ़ रहे है। बदहाल सडकों को बारिश ने और खराब कर दिया है। इससे हादसे होने के साथ ही पानी में लार्वा भी पनप रहे हैं। शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। डेंगू की जांच 1500 रुपये में हो रही है। यह बात भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक चौटाला, पूर्व निगम अध्यक्ष दिनेश पोरवाल ने बयान जारी कर कही। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासक व कलेक्टर को मेडिकल कालेज में उपचार के इंतजाम, स्पेशल वार्ड, निशुल्क जांच सुविधा उपलब्ध कराना चाहिए। जागरूकता अभियान चलाकर नगर निगम व मलेरिया विभाग को कीटनाशक दवाइयों का छिडकाव कराने के निर्देश दिए जाएं। जनता को वर्षों से राहत के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही मिल रहे है। नईदुनिया

नईदुनिया 9/8/21

इंदौर की 56 दुकान की तर्ज पर फूड पार्क बनाए जाने के लिए कन्सलटेंट नियुक्त कर डिजाइन तैयार करवाने के निर्देश

# कलेक्टर पहुंचे दो बत्ती, फोरलेन निर्माण कार्य के जाने हाल

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर के दो बत्ती चौराहे से घोड़ा चौराहा व लोकेंद्र भवन होते हुए कानवेंट स्कूल तिराहे तक चल रहे फोरलेन सड़क के रूके हुए कार्य के हाल जानने कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरषोत्तम रविवार को मौके पर पहुंचे। यहां बीते कुछ दिनों से रूके कार्य को फिर से शुरू कराया गया। साथ ही चल रहे निर्माण कार्य का कलेक्टर ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से चर्चा कर उन्हे कार्य गुणवत्तापूर्ण व तेज गति से किए जाने के निर्देश संबंधितों को दिए।

कलेक्टर ने सबसे पहले दो बत्ती चौराहे पर निर्माणाधीन फोरलेन



## इंदौर की 56 दुकान की तर्ज पर बने फूड पार्क

दो बत्ती चौराहे से लोकेंद्र भवन होते हुए कानवेंट स्कूल तिराहे तक निर्माणाधीन फोरलेन सड़क निर्माण कार्य के निरीक्षण को लेकर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पोल व ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग के लिए एमपीईबी व नगर निगम के अधिकारियों द्वारा जो तय किया गया है, उसी अनुसार कार्य किया जाए। लोकेंद्र भवन के सामने पुरानी सब्जी मण्डी पर इंदौर की 56 दुकानों की तर्ज पर भव्य फूड पार्क निर्माण के लिए कलेक्टर ने निगम आयुक्त व निगम

## 1 माह में पूरा हो काम

निरीक्षण के दौरान सब्जी मण्डी में अवैध कब्जेधारी, मूर्तिकार जिन्होने अनाधिकृत रूप से स्थल पर कब्जा किया हुआ है, उन्हे हटाए जाने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। इसके साथ ही फूड पार्क निर्माण के लिए कन्सलटेंट नियुक्त कर ड्राईंग व डिजाईन तैयार करवाने के निर्देश भी दिए। पोलोग्राउण्ड का रूका कार्य एक माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## 15 तक कार्य पूर्ण करें

बाल चिकित्साल में नगर निगम द्वारा कराए जा रहे रिनोवेशन कार्य को लेकर कलेक्टर एवं निगम प्रशासक ने निर्देशित किया कि रिनोवेशन का कार्य 14 अगस्त तक पूर्ण किया जाए, साथ ही कार्य के दौरान गुणवत्ता का विषेश ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान एमपीईबी के डी.ई. विनय प्रताप सिंह, यातायात

पत्रिका 9/8/21

॥, मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन और रोटरी क्लब रतलाम सेंट्रल ने हरियाली अमावस्या पर किया पौधों का रोपण

# ाया पेड़ों का महत्व, कितने ही ऑक्सीजन प्लांट लगा लो पेड़ों का मुकाबला नहीं



मेडिकल कॉलेज परिसर



रोटरी क्लब रतलाम सेंट्रल

ा है। हम चाहे कितने ही प्लांट लगा लेकिन पेड़ों सीन मिलती है उसका ाही है। हर व्यक्ति को क्सीजन के लिए पेड़ों ो चाहिए। ये जीवनदायी

त मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (एमटीए) और पत्रिका की तरफ से मेडिकल कॉलेज परिसर में संयुक्त रूप से आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में कही। पौधारोपण में मुख्य अतिथि के रूप में मेडिकल कॉलेज अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रदीप मिश्रा थे। एमटीए ने मेडिकल कॉलेज की ग्रामीण डिस्पेंसरी सरवन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भी पौधारोपण किया। डॉ. बघेल और डॉ. मिश्रा के अलावा एमटीए सचिव डॉ. आशीष दामा, डॉ. जगदीशचंद्र हुंडेकरी, डॉ नीलम आर चार्ल्स, डॉ. केएस लिखार, डॉ. अनिल मीणा, डॉ. रितेश गुर्जर, डॉ. शैलेंद्र डावर, डॉ. नितिन किराड़िया, डॉ. प्रफुल्ल सोनगरा, डॉ. देवेंद्र नायक, डॉ. अतुल कुमार, डॉ. आनंद शुक्ला, डॉ. देवेंद्र चौहान, डॉ. देवेंद्र नरगावे, डॉ. दर्शना जैन, डॉ. पारुल त्रिचल, डॉ. आनंद पाटीदार, डॉ. अनिल पटेल, डॉ ध्रुवेंद्र पांडे, डॉ विकास शर्मा, डॉ राजेन्द्र सिंगरोले आदि मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब रतलाम सेंट्रल ने भी किया पौधरोपण

रोटरी क्लब रतलाम सेंट्रल ने पत्रिका के आह्वान पर संयुक्त रूप से पौधारोपण किया। सुयोग परिसर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 11 पौधे लगाकर सुरक्षा का संकल्प लिया। अध्यक्ष सुनील लुनिया, सचिव कमलेश जैन, समिति प्रमुख अश्विनी शर्मा, विजय मूणत, वीरेंद्र सकलेचा, संदीप पीपाड़ा, अशोक पीपाड़ा, बीएल मेहता, मनीष चौरड़िया, अशोक डांगी, यशवंत पावेचा, पीयूष भंडारी, राकेश माथुर, लेखराज राठौड़, पारस मूणत, धर्मेंद्र ललवानी, इंद्रनारायण पोरवाल, जिनेंद्र जैन, अखिलेश गुप्ता, श्याम विंचुरकर, सुशील गोरेचा, मुकेश शुक्ला, केएम जैन, अनिल पीपाड़ा, हीरालाल डांगी आदि उपस्थित रहे।


पत्रिका

पत्रिका 9/8/21

# लोकेंद्र भवन के सामने इंदौर की 56 दुकानों की तरह बनेगा फूड पार्क

## इंदौर के कंसल्टेंट से ही बनवाएंगे ड्राइंग के साथ ही डिजाइन भी

भास्कर संवाददाता | रतलाम



लोकेंद्र भवन के सामने वाली जमीन की लोकेशन देखते कलेक्टर कुमार।

महाराजा सज्जन सिंह चौराहा से कॉन्वेंट स्कूल तक बनने वाले फोरलेन पर जल्द ही फूड पार्क की रौनक भी छा जाएगी। यह फूड पार्क लोकेंद्र भवन के सामने वाली जमीन पर बनेगा। इसे इंदौर की 56 दुकानों की तरह ही विकसित किया जाएगा, इसकी ड्राइंग और डिजाइन 56 दुकानों के रिनोवेशन का प्लान बनाने वाला कंसल्टेंट तैयार करेंगे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कंसल्टेंट से बात की है। रविवार को कलेक्टर ने लोकेशन भी देखी। यहां कई मूर्तिकार व अन्य लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। नगर निगम. अफसरों को उन्हें जल्द हटाकर जमीन का समतलीकरण करने को कहा है। विधायक चेतन्य काश्यप के निर्देश पर फोरलेन का काम भी देखा

**सड़क बन जाना चाहिए -** दो बत्ती चौराहे पर फ्रीगंज तरफ से आने वाली सड़क डीआरएम ऑफिस तक सात दिन में पूरी बनाओ। कलेक्टर ने निगम अफसरों से कहा यह काम पूरा होने के बाद दो बत्ती से डाट की पुल तक टू-लेन का काम शुरू करना। सज्जन सिंह चौराहा से कॉन्वेंट तिराहे तक कलेक्टर ने पोल व ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग का काम करने को कहा।

**पवेलियन बन जाना चाहिए -** यहां से कलेक्टर नेहरू स्टेडियम पहुंचे। पवेलियन का रुका काम देखकर ठेकेदार को एक माह में काम पूरा करने के निर्देश दिए। पोलोग्राउंड की टूटी बाउंड्रीवॉल देखकर कलेक्टर ने पूछा तो कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल ने बताया कि इसके टेंडर जारी कर दिए हैं। प्रक्रिया होते ही बाउंड्रीवॉल का निर्माण शुरू हो जाएगा। भास्कर

दै. भास्कर 9/8/21